भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
निगमित संचार निदेशालय

त्रिवेंद्रम हवाई अड्डे से आवश्यक चिकित्सा सामग्री की निर्बाध डिलीवरी जारी।

नई दिल्ली, 20 मई 2021: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का त्रिवेंद्रम हवाई अड्डा और इसके फ्रंट लाइन कोरोना योद्धा आवश्यक चिकित्सा सामग्री की निर्बाध डिलीवरी करके कोविड-19 का मुकाबला करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

विभिन्न एयरलाइनों द्वारा त्रिवेंद्रम हवाई अड्डे से वैक्सीन के कुल 313 बक्से (9.76 मीट्रिक टन) परिवहन किये गये हैं। ऑक्सीजन के संकट से उबरने के लिए 19 मई 2021 तक भारतीय वायु सेना के सी17, एएन32 जैसे विमानों द्वारा कुल 300 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और ऑक्सीजन के 180 सिलेंडर त्रिवेंद्रम के रास्ते केरल पहुँचाए गए।

इसके अतिरिक्त, त्रिवेंद्रम हवाई अड्डा केंद्र और राज्य सरकारों के निर्देशानुसार कोविड-19 संबंधी सभी गाइडलाइंस और प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए यात्रियों की सुरक्षित यात्रा भी सुनिश्चित कर रहा है।

हवाई अड्डा कर्मचारी सभी यात्रियों, हितधारकों, आगंतुकों, कर्मचारियों आदि से कोविड संबंधी उचित व्यवहार का अनुपालन करने और भीड़ को कम करने के लिए अलग-अलग समय का पालन करने के लिए लगातार अनुरोध कर रहे हैं। कोविड संबंधी उचित व्यवहार के बारे में जागरूकता पैदा करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हवाईअड्डा टर्मिनल पर कई इलेक्ट्रॉनिक और स्थायी डिस्प्ले के माध्यम से निर्देश भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

भाविप्रा के सभी हवाईअड्डे कोविड के विरुद्ध मुहीम में प्रयासरत हैं और प्रत्येक स्तर पर यथासंभव योगदान दे रहे हैं। त्रिवेंद्रम हवाई अड्डे पर, केरल सरकार के सहयोग और समर्थन से, सभी सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए भाविप्रा कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के लिए कोविड टीकाकरण शिविर का भी आयोजन किया गया।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 7/2021-22